फालतू बच्चा

यह बच्चा जो
चिथड़ों में लिपटा
यहां टोकरे में सो रहा है
फालतू है

यह बच्चा जो
मैले से ढका
दौड़-दौड़कर धुले गिलास
ला रहा है फालतू है

यह अपने माता-पिता का
पहला बच्चा है यह फालतू है
कोई फर्क नहीं पड़ता राज्य को
यह मर जाए तो
बीस करोड़ हैं इसकी जगह लेने के लिए
फिर यह बच्चा अपने जीने के अधिकार को
सिद्ध नहीं कर सकता न्यायालय के समक्ष
इसलिए यह बच्चा फालतू है
फालतू बच्चा हर महामारी की पहुंच में है
इसलिए भी वह फालतू है

समस्या यह है कि इसे
अन्तिम रूप से नष्ट नहीं किया जा सकता
क्योंकि इसकी जगह लेने वाले
बीस करोड़ हैं
इस तरह यह बच्चा अमर होकर
अड़ा है विकास-योजना के रास्ते में न

शुभा
(वर्तमान साहित्य से साभार)